FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

सराहनीय कार्य दिनांक 29.08.2023 थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद ।

थाना जसराना , एसओजी एवं सर्विलांस पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास करते हुए दिनाँक 08-08-2023 को हुई महिला की हत्या के मामले का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त प्रदीप को मय आलाकत्ल बरामदगी सहित किया गिरफ्तार ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय फिरोजाबाद द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी जसराना के कुशल नेतृत्व ने मु0अ0सं0 513/23 धारा 302 भादवि0 दिनांक 08.08.2023 को आँगन वाडी कार्यकर्ती की धारदार हथियार से निर्मम हत्या के सफल अनावरण के लिये थाना पुलिस टीम के साथ एस.ओ.जी , सर्विलान्स के अथक प्रयासो द्वारा अभियुक्त प्रदीप कुमार पुत्र ब्रजेश कुमार नि0 डिवायची थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद मूल निवासी बझेरा बुजुर्ग थाना आराँव फिरोजाबाद का नाम प्रकाश मे आया जिसको दिनांक 28.08.2023 को रात्रि 20.50 बजे डिवायची मोड से गिरफ्तार किया गया अभियुक्त की निशादेही पर आलाकत्ल छुरा बरामद कर धारा 4/25 आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गयी । जिसको मा0न्यायालय समय से पेश किया जायेगा ।

पूछताछ का विवरण-

अभियुक्त प्रदीप पुत्र ब्रजेश नि0 ग्राम डिवायची थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद ने बताया कि मेरे प्रेम सम्बन्ध एक लडकी से थे जिसकी बहन की ससुराल मेरे गाँव में है और वह 03-04 माह पहले अपनी बहन के घर आयी थी वहाँ पर मेरी दोस्ती हो गयी थी तथा उसी लडकी के सम्बन्ध मृतिका के पुत्र मनीष से भी थे मै उस लडकी से शादी करना चाहता था तथा वह भी मुझसे शादी करना चाहती थी लेकिन मनीष बात करना बन्द नही कर रहा था एक दिन मैने नम्बर लगाया था काफी देर तक व्यस्त आया तो मैने लडकी से पूछा तो उसने बताया कि मनीष से मै मना कर रही हूँ लेकिन नही मान रहा है इससे मेरी दोस्ती आप से पहले थी लेकिन अब मै मना करती हूँ तो धमकाता है और धमकी देता है । दिनांक 06.08.2023 को तीनो की Conference Call पर बातचीत हुयी प्रदीप ने मनीष से कहा हम लोग शादी करेगे अब आप बात ना करे तो मनीष ने बहुत गन्दी गन्दी माँ बहन की गालिया दी तथा प्रदीप ने काँल काट दी इसके बाद मनीष ने कई बार फोन मिलाकर गाली गलौज की तथा दिनांक 08.08.2023 को बात ना करने के उपर भद्दी भद्दी माँ बहन की गाली गलौज की जिससे प्रदीप आक्रोशित हो गया और उसने धमकी दी मै तुम्हारे परिवार को किसी ना किसी को देख लूगा । अभियुक्त प्रदीप मृतिका व उसके परिवार को आने जाने मे अच्छी तरह से देख रखा था तथा उसे पता था कि मनीष की माँ नगला केकन मे पढाने जाती थी और कब वापस आती है । गालियो एवं अपनी प्रेमिका से बात करने के उपर दिनाक 08.08.2023 को प्रदीन ने जुनून मे आकर पहले से ही चरी के खेत में घात लगाकर बैठकर मृतिका कुसुमलता के आने का इंतजार करता रहा जैसे ही चरी के सामने आयी पीछे से धक्का देकर कटी चरी मे ले जाकर छुरा से लगातार वार करके निर्मम हत्या कर दी थी तत्तपश्चात अभियुक्त मौके से फरार हो गया था आज अभियुक्त की निशादेही पर आलाकत्ल छुरा भी बरामद किया गया है । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-

1. प्रदीप पुत्र ब्रजेश नि0 ग्राम डिवायची थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद मूल निवासी बझेरा बुजुर्ग थाना आराँव फिरोजाबाद।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त प्रदीप उपरोक्त-

1. मु0अ0सं0 513/23 धारा 302 भादवि0 व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना जसराना फिरोजाबाद।

बरामदगी-

1. **अदद छुरा (आलाकत्ल)।**
2. **घटना मे प्रयुक्त मोटर साइकिल ।**

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम

1. थानाध्यक्ष महेश सिंह थाना जसराना फिरोजाबाद ।
2. व0उ0नि0 जयचन्द्र बाबू शर्मा थाना जसराना फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 नितिन कुमार त्यागी प्रभारी एसओजी/सर्विलान्स प्रभारी।
4. मु0आरक्षी 02 सहदेव सिंह थाना जसराना फिरोजाबाद।
5. आरक्षी 844 रोहित सिद्धु थाना जसराना फिरोजाबाद।
6. आरक्षी 342 अंकित मलिक थाना जसराना फिरोजाबाद।
7. आरक्षी 574 रोहित कुण्डू थाना जसराना फिरोजाबाद।

एसओजी/ सर्विलांस टीम-

8. मु0आरक्षी0 प्रशान्त कुमार 9.मु0आरक्षी अमित चौहान 10.मु0आरक्षी करनवीर सिंह सर्विलान्स टीम 11.मु0आरक्षी अनिल कमार सर्विलान्स टीम 12.मु0आरक्षी देवेन्द्र कुमार सर्विलान्स टीम 13.मु0आरक्षी 439 जय नारायण 14.मु0आरक्षी हरवीर कुन्तल 15.आरक्षी 1384 प्रवीन कुमार 16.आरक्षी रघुराज सिंह 17.आरक्षी लोकेश गौतम 18.आरक्षी कृष्णकुमार 19. सन्दीप कुमार 20.आरक्षी जयप्रकाश।